an>

Title: Need to set up Dr. Bhim Rao Ambedkar University in Ambala Parliamentary Constituency of Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : मैडम, मैं आपके माध्यम से भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 125वीं जयन्ती के इस शुभ अवसर पर अपने लोक सभा क्षेत्र में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी खोलने की मांग करता हूं।

मेरा लोक सभा क्षेत्र अम्बाला वर्ष 1952 से एक आरक्षित क्षेत्र है। वहां गरीब छात्रों के लिए गुणवत्ता पर आधारित शिक्षा की आजादी के 68 साल बाद भी भारी कमी है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश के 50 करोड़ युवाओं को वर्ष 2022 तक स्किल डेवलपमेंट के माध्यम जोड़ने का संकल्प लिया है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने भारत की संसद में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की 125वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में दो दिन - 26 एवं 27 नवम्बर को भारत के संविधान एवं डॉक्टर अम्बेडकर के भारत के प्रति योगदान पर चर्चा कराई है, जिससे हिन्दुस्तान के दलितों के दिल और दिमाग में एक सकारात्मक संदेश गया है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में इस यूनिवर्सिटी को स्थापित किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।